नईदुनिया

त्वचा रोग को लेकर आधुनिक उपचार और नवीन अनुसंधान पर विशेषज्ञों ने किया विचार-विमर्श

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः विश्व श्वेत दाग दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल के त्वचा रोग विभाग तथा जैव रसायन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'श्वेत दाग : अतीत, वर्तमान एवं भविष्य' विषय पर अंतरविभागीय सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रो. डॉ. माधवानंद कर तथा अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रो. डॉ. रजनीश जोशी के मार्गदर्शन में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए किया गया।

कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता डॉ. अश्विन कोविनास और डॉ. प्रशंसा जायसवाल ने की। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने श्वेत दाग की बदलती समझ, आधुनिक लक्षित उपचार, उन्नत शल्य तकनीकों तथा नवीन अनुसंधानों पर विस्तार से जानकारी दी। जैव रसायन विभाग ने श्वेत दाग में आंत्र सूक्ष्मजीव समुदाय की भूमिका से जुड़े नवीन शोध निष्कर्ष भी प्रस्तुत किए।

विशेषज्ञों ने कहा कि अंतर्विभागीय सहयोग से अनुसंधान और चिकित्सा शिक्षा को नई दिशा मिल रही है। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को विशेषज्ञों के साथ प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला।

साथ ही अनुसंधान आधारित चिकित्सा को बढ़ावा देने तथा रोगियों के लिए अधिक प्रभावी उपचार पद्धतियों के विकास पर विशेष बल दिया गया। इससे रोगियों को लाभ मिलेगा।

ट्रेनों में ऑनलाइन आरक्षित टिकट पर प्रतीक्षा सूची यात्रियों के लिए 'विकल्प' सुविधा

एक साल में 17 ट्रेनों में 76 पीएनआर को विकल्प सुविधा का दिया लाभ

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारतीय रेलवे ने यात्रियों की यात्रा को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए है जिनमे 'विकल्प' एक बेहतर सुविधा है। इस सुविधा के अंतर्गत प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) में आने वाले यात्रियों के लिए 'विकल्प' योजना के अंतर्गत यात्रा का नया अवसर प्रदान किया जाता है। 'विकल्प' एक ऐच्छिक सुविधा है जिसके माध्यम से यात्री यदि इस सुविधा को चुनते है तो टिकट कन्फर्म न होने की स्थिति में बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के सामान टिकट उसी गाड़ी की आगे की तिथि में या उसी दिशा की ओर जाने वाली अन्य गाडी में समान या अन्य तिथि में उपलब्ध खाली सीटों पर स्थानांतरित किए जाते है।

उल्लेखनीय है कि भोपाल ने एक साल 01 जुलाई 2025 से 30 जून 2026 तक 17 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची यात्रियों के 76 पीएनआर को विकल्प सुविधा के तहत उसी गाड़ी की अन्य तिथि में या अन्य गाडी में कन्फर्म सीटें उपलब्ध करायी है।

प्रतीक्षारत पीएनआरएस को उसी गाड़ी की अन्य तिथि में या अन्य गाडी में सीटें उपलब्ध करायी जाती है। यह स्थानांतरण सिस्टम द्वारा स्वत: ही किया जाता है।

विकल्प योजना की मुख्य विशेषताएँ:

यह सुविधा केवल ऑनलाइन से बुक किए गए टिकटों पर उपलब्ध है। यात्री अपनी पसंद के विकल्प (जैसे कि अन्य ट्रेन/समय/गंतव्य) को चयनित कर सकते हैं। यदि मूल ट्रेन में सीट कन्फर्म नहीं हो पाती है, तो विकल्प के तहत अन्य उपयुक्त ट्रेन में उपलब्ध रहने पर कन्फर्म सीट प्रदान की जाती है। यात्रियों को एसएमएस /ईमेल के माध्यम से बदलाव की सूचना दी जाती है।

योजना का उद्देश्य: 'विकल्प' योजना का उद्देश्य रेलवे में खाली सीटों का अधिकतम उपयोग करना और साथ ही वेटिंग लिस्ट यात्रियों को यात्रा का नया अवसर प्रदान करना है, जिससे सीटों की बर्बादी रोकी जा सके।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि यात्रीगण टिकट आरक्षण करते समय विकल्प सुविधा का चयन करके इस सुविधा का लाभ ले सकते है जिससे उनको अन्य विकल्पित ट्रेनों में सीट खाली होने पर कन्फर्म सीट मिलने का नया अवसर मिल सकेगा ।

विद्यार्थियों को बताए सफल करियर के सूत्र

फार्मेसी विद्यार्थियों के लिए रोजगारपरक कौशल और उद्योग की आवश्यकताओं पर विशेष व्याख्यान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के औषधि विज्ञान अध्ययन संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वास्तविक आवश्यकताओं से परिचित कराने के उद्देश्य से विशेष विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया।

'वास्तविक कार्यस्थल कौशल के माध्यम से औषधि विज्ञान विद्यार्थियों को सशक्त बनाना' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में फार्मा करियर ब्रिज के संस्थापक एवं निदेशक कृष्णेंदु मिश्रा ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया।

उन्होंने औषधि उद्योग में तेजी से हो रहे बदलाव, रोजगार के अवसरों, उद्योग की अपेक्षाओं तथा सफल करियर के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता, संवाद कौशल, उद्योग की कार्यप्रणाली और व्यावसायिक दृष्टिकोण भी विकसित करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने के लिए प्रेरित किया।

संवाद सत्र में विद्यार्थियों ने रोजगार, उच्च शिक्षा, अनुसंधान और कौशल विकास से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञ से चर्चा की। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षा को उद्योग की आवश्यकताओं से जोड़ना समय की आवश्यकता है। कुलगुरु डॉ. विजय सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा ने कहा कि विश्वविद्यालय कौशल आधारित शिक्षा, विशेषज्ञ व्याख्यान, औद्योगिक भ्रमण, प्रशिक्षण और इंटर्नशिप के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योग के लिए पूर्णत: तैयार करने की दिशा में कार्य कर रहा है।

किसान के बेटे तुषार ने फैशन डिजाइनिंग में बनाई पहचान

भोपाल: उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के गंगोह कस्बे के किसान परिवार से आने वाले तुषार सैनी ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर फैशन डिजाइनिंग की दुनिया में पहचान बनाई है। बचपन से ही कपड़ों की बनावट, टेक्सचर और पारंपरिक पहनावे में रुचि रखने वाले तुषार ने फैशन डिजाइनिंग को अपना करियर चुना। परिवार के समर्थन के बाद उन्होंने सोनीपत स्थित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन में प्रवेश लिया। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने के कारण शुरुआती चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपनी मौलिक सोच और मेहनत से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्नातक परियोजना में उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पारंपरिक तहमत और कुर्ते को आधुनिक फैशन के साथ प्रस्तुत किया, जिसके लिए उन्हें बेस्ट ग्रेजुएशन प्रोजेक्ट अवॉर्ड मिला। वर्तमान में तुषार लैब88 में वुमेन्सवियर डिजाइनर के रूप में कार्यरत हैं और फ्रीलांस स्टाइलिंग भी कर रहे हैं। तुषार का कहना है कि उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा उनके गांव, खेती और परिवार से मिले संस्कार हैं, जिन्होंने उनकी रचनात्मक सोच को नई दिशा दी।

संस्कृत रूपक निर्देशन कार्यशाला

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के नाट्यशास्त्र अध्ययन एवं अनुसंधान केन्द्र द्वारा 7 से 27 जुलाई तक 21 दिवसीय संस्कृत रूपक-निर्देशन राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसका उद्घाटन सात जुलाई को प्रात: साढ़े दस बजे भवभूति सभागृह में होगा। मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात संस्कृतविद् प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. हंसधर झा करेंगे। कार्यशाला में देश के लगभग 12 राज्यों से चयनित प्रतिभागी संस्कृत नाट्य-निर्देशन का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। रंगकर्मी अभिनय, मंच-संयोजन, चरित्र-प्रस्तुति, प्रकाश व्यवस्था तथा नाट्यशास्त्र के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पक्षों का प्रशिक्षण देंगे।

महिलाओं के स्वास्थ्य पर शोध को विश्व स्तरीय सराहना

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल के जैवरसायन विभाग की प्रो. डॉ. रश्मि चौधरी के सर्वाइकल कैंसर की शीघ्र पहचान संबंधी शोध को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त हुआ है। यह शोध चार से सात जून 2026 तक अमेरिका के वाशिंगटन में आयोजित वैज्ञानिक सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया, जहां इसे व्यापक सराहना मिली। यह अध्ययन भारत सरकार के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग की अनुदान परियोजना के अंतर्गत किया गया। शोध में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के जोखिम की प्रारंभिक पहचान के लिए मानव पैपिलोमा विषाणु प्रकार 16 और 18 तथा केआई-67 और पी-16 आईएनके-4ए जैव संकेतकों का अध्ययन किया गया। इसके आधार पर शोध दल ने कम लागत वाला, आसानी से ले जाया जा सकने वाला और यूएसबी से संचालित एक त्वरित जांच उपकरण विकसित किया है। यह उपकरण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा सीमित संसाधनों वाले क्षेत्रों में भी

उपयोगी होगा और महिलाओं को उच्च, मध्यम तथा निम्न जोखिम श्रेणियों में पहचानने में सहायता करेगा। शोध में यह भी सामने आया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जांच सुविधाओं की कमी, अधिक लागत तथा रिपोर्ट मिलने में विलंब के कारण अनेक महिलाएं बीमारी की उन्नत अवस्था में उपचार के लिए पहुंचती हैं। नई तकनीक समय पर जांच, उपचार और रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।इस शोध को वैश्विक स्वास्थ्य और सतत विकास में संभावित योगदान के लिए संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है।

सूडोकु नवताल- 7833

मध्यम

9		2		4	1	7		
1						6		
5	7	3	2				4	
				9	4	8		
4		7				9		6
		5	8	3				
	3				6	5	9	1
		6						7
		9	1	8		2		4

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7832 का हल

5	4	9	1	8	3	2	6	7
1	2	6	4	9	7	3	5	8
3	8	7	5	2	6	1	4	9
8	7	1	3	4	2	6	9	5
9	5	3	6	1	8	7	2	4
2	6	4	7	5	9	8	1	3
4	3	5	2	7	1	9	8	6
6	9	2	8	3	4	5	7	1
7	1	8	9	6	5	4	3	2

काकुरो पहेली - 7506



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 7505 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8903



बाएँ से दाएँ

1. ईश वंदना-3
3. हाथ की तीसरी अंगुली-4
5. आगमन-2
6. स्वादिष्ट-3
7. हरसिंगार, पारिजात-2
8. क्रिकेट में बनते हैं-2
10. खौलना, उबलना-5
12. धनवान-3
15. खोदना-3
17. चुनाव, चयन-5
20. नसीब(अंग्रेजी-2)
22. कलर-2
23. रक्षक, संकटमोचक-3
24. कार्य, काज-2
25. सुंघनी, नस-4
26. पुराना जुकाम-3

ऊपर से नीचे

1. रुपए का सोलहवां भाग-2
2. कुलबुलाना, तड़पना-5
3. जो कभी बूढ़ा न हो-3
4. बंदूक की गोली-4
5. अभिलेख, लेखा-3
7. रात, रात्रि (उर्दू-2)
9. मादा का विलोम-2
11. धुन, लगाव-3
13. चरित्र, नीयत-3
14. तफरीह-5
15. अनाज रखने की जगह-4
16. टोंटी, नलका-2
18. बहुमूल्य रत्न-2
19. अनाथ, बेसहारा-3
21. डोली उठाने वाले-3
24. सफेद का विलोम -2

शब्द पहेली -8902 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7345



ऊपर से नीचेः-

१. 'मेरा नाम है चमेली' गीत वाली संजीव कुमार, नाजिमा, कुमकुम की फिल्म-२,२,२
२. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'सिर्फतुम ही तो हो जिसपे' गीत वाली शम्मीकपूर, साधना की फिल्म-५
५. अभिषेक बच्चन, भूमिका चावला की 'दिल में जो बात' गीत वाली फिल्म-२
७. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली आमिरखान, ग्रेसीसिंह की फिल्म-३
९. संजयखान, बबीता की 'आ लगजा गले' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिल कपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. 'क्या सही प्यार है' गीत वाली फिल्म 'रॉकी' में संजयदत्त, के साथ नायिका कौन थी-३
१६. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'आई लव यू आई लव यू' गीत वाली फिल्म-५
१८. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
२०. संजय दत्त, माधुरी दीक्षित की 'तम्मा तम्मा लोगे' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'लो आगई उनकी याद' गीत वाली मनोज कुमार, आशा पारेख की फिल्म-१,३
२४. अक्षय कुमार, करीना कपूर की 'तूने कहा जब से हाँ' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'और क्या अहद ए वफा' गीत वाली सनी देओल, अमृतासिंह की फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'चलती है पुरवाई' गीतवाली फिल्म-३
३. 'मेरा मन तेरा प्यासा' गीत वाली देव आनंद, जाहिदा, जाहिरा की फिल्म-४
६. सनी, मीनाक्षी की सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
८. 'कब तक हुजूर रूठे रहोगे' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली फिल्म-४
११. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज, उर्मिला की फिल्म-२
१२. रघुवीर यादव, कुणालकपूर, तब्बू, नादिरा बब्बर की 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'क्या करे क्या ना करें' गीत वाली जैकी श्रॉफ, उर्मिला की फिल्म-३
१६. सनी देओल, करिश्मा की 'छम्मक छल्लो जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-३
१७. जैकी श्रॉफ, संजय, माधुरी की फिल्म-५
१९. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, दीप्ति नवल की सई परांजपे निर्देशित एक फिल्म-२
२२. 'कंधों से मिलते हैं कंधे' गीत वाली अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२३. राकेश रोशन, रेखा की 'सुन सुन सुन दीदी तेरे लिये' गीत वाली फिल्म-५
२५. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान, विनोद मेहरा, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
२६. संजय दत्त, सलमान खान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
२९. मिलिंद सोमण, विक्रम सलूजा, किरण झवेरी की फिल्म-३
३०. फिल्म 'रफूचक्कर' में नायिका थी-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7344

अ	नि	ता		रे	श	नी		धू	म
क्स		क	सौ	टी		ल	ज्जा		स्त
	अं	त		क	स	म		भा	
जो	श		कं	प	नी		आ	र	जू
रू		दि		ड़		जी	न	त	
का	ज	ल		औ	र	त			पा
गु		ज	रू	र	त		पा	ल	की
ला	ड़	ला		म	न		य		जा
म			शा	का		जा	ल		
	फ	र	दी	न	खा	न		फि	दा

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग-7439

4	7		6		2	1
1	31	2	38		28	
	1	6		7	2	
6	36		33		28	5
3		7		2	1	
	32		31	4	33	2
2	3		4		6	7

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7438 का हल

4	3	7	1	6	2	5
3	32	6	36	2	30	1
6	1	2	5	7	4	3
5	33	1	29	4	30	6
7	6	5	4	1	3	2
2	30	4	32	3	31	7
1	2	3	7	5	6	4

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8459

सा	श	मु	ग	सु	हा	ग	व	धी	ल	उ
अ	व	का	प्रे	व	अ	स	द	ह	र्म	म
ग	य	न	व	दी	खू	स	नि	य	त	रा
र	लि	ल	भा	अ	ता	ब	द	ह	ख	व
तु	स	अ	क्र	दो	र	षा	सू	बा	प	जा
म	क	र्त	व्य	त	म	ला	र	र	श	न
न	स	अ	क	रा	न	भि	द	शा	त	व
हो	अ	ल	ल	व	जी	अ	ऐ	नि	प	सा
ते	बा	ब	अ	त	क	छ	प्प	न	शा	जू
क	म	बा	तें	व	झू	ठी	द	अ	जू	न
रा	र	अ	प	अ	व	लो	क	न	प	रु

शब्द जाल में रेखा द्वारा अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे भी हैं.

सावन भादो,राम बलराम, नियत, सुहाग, खूबसूरत, अगर तुम न होते, झूठी, कर्तव्य, निशान, उमराव जान.

शब्दजाल - 8458 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore